दिन–रविवार  दिनांक– 20 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने पर प्रतिबद्धता व्यक्त की। कहा –बिहार में भी शंकर नेत्रालय का केंद्र खोला जाएगा।

02. प्रधानमंत्री ने नौ सौ बारह करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले दरभंगा एयरपोर्ट के सिविल इन्क्लेव का शिलान्यास किया।

03. महागठबंधन ने विधानसभा उप चुनाव के लिए चारों सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र को रामगढ़ से टिकट।

04. और, प्रदेश में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय केंद्रीय दल अब से थोड़ी देर बाद पटना पहुंचेगा।

अब समाचार विस्तार से.........

––––––––––––––––––––––––––––––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों को बीमारियों से बचाना उनकी सरकार की पहली प्राथमिकता है और सरकार इसे स्वास्थ्य नीति का प्रमुख अंग मानकर काम कर रही है। उन्होंने वाराणसी में कई योजनओं के उद्घाटन और शिलान्यास के बाद इस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में शंकर नेत्रालय का बड़ा केंद्र खुले यह उनकी इच्छा है। इसके लिए प्रयास किया जाएगा।

–––––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में युवा आयें इसके लिए भी वे प्रयास कर रहे हैं। इससे राजनीति में भ्रष्टाचार और परिवारवाद समाप्त होगा। श्री मोदी ने कहा कि हाल ही में सरकार ने पाली और प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। इसके दूरगामी परिणाम होंगे।

–––––बाईट–––

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये दरभंगा एयरपोर्ट के नये सिविल इनक्लेव का शिलान्यास किया। नौ सौ बारह करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले इस नये सिविल इनक्लेव से यहां पर यात्री सुविधाएं बढ़ जाएंगी। इस अवसर पर दरभंगा एयरपोर्ट पर एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, अति पिछड़ा कल्याण वर्ग के मंत्री हरि सहनी, दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पूर्व मंत्री संजय झा पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये कार्यक्रम में शामिल हुए।

——————————————————

विधानसभा की चार सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के उप चुनाव को लेकर महागठबंधन ने अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये हैं। पटना में महागठबंधन के घटक दलों के बैठक के बाद इसकी जानकारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने की।

———बाईट———

बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह और सीपीआई माले के वरिष्ठ नेता कुणाल शामिल हुए। इधर, भाजपा के बाद जनता दल यूनाईटेड ने भी बेलागंज से उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। यहां से पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी चुनाव लड़ेंगी। कल भाजपा ने तरारी और रामगढ़ सीट से अपने प्रत्याशियों की घोषणा की थी। वहीं, इमामगंज सीट पर हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा चुनाव लड़ेगा। इस सीट पर आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन की पत्नी दीपा माझी चुनाव लड़ेंगी। राज्य के उप चुनाव वाले चारों सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर तक निर्धारित है। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। मतदान तेरह नवंबर को होगा।

——————————————————

उप चुनाव को लेकर आज एनडीए घटक दलों की पटना में बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की। बैठक में भाजपा, जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सभी चारों सीटों पर जीत के लिए रणनीति पर चर्चा की गयी।

———बाईट———

——————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने दावा किया है कि बिहार के चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव मे एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत होगी। श्री चौधरी ने आज समस्तीपुर मे पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा किये जा रहे विकास कार्य और वर्तमान महौल से स्पष्ट है कि इन चारों सीटों पर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है।

———बाईट———

——————————————————————

प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय अंतर मंत्रालयी केंद्रीय टीम तीन दिवसीय दौरे पर अब से थोड़ी देर बाद पटना पहुंचेगी। सात सदस्यीय टीम का नेतृत्व गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी कर रहे हैं। यह टीम कल और परसो बिहार में रहेगी। इस दौरान टीम के सदस्य प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। बाईस अक्टूबर को यह दल राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। बैठक में बाढ़ के कारण हुए नुकसान को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी राय रखेंगे।

——————————————————————

जल संसाधन के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने आज सुपौल में कोसी बराज का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान बराज के अप और डाउन स्ट्रीम में गाद जमा होने को गंभीर मुद्दा बताया। श्री मल्ल ने कहा कि नई नीति बनाकर गाद की सफाई की जाएगी और डिस्चार्ज को और बेहतर किया जाएगा।

——————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस साल अगस्त महीने में अठारह लाख तिरेपन हजार अतिरिक्त सदस्य बनाए हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि नई सदस्यता में वृद्धि का श्रेय रोजगार के बढ़ते अवसर, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और संगठन के सफल आउटरीच कार्यक्रमों को दिया जा सकता है।

पिछले साल अगस्त की तुलना में इस वर्ष अगस्त माह में संगठन के सदस्यों की संख्या में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

——————————————————————

कटिहार में गंगा और कोसी के कटाव से बेघर हुए करीब साढ़े पांच हजार विस्थापितों को राज्य सरकार के द्वारा अभियान रैन बसेरा के तहत भूमि उपलब्ध कराते हुए पर्चा दिया जा रहा है। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि इस अभियान में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

———बाईट———

——————————————————————

पटना—लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन में कल देर रात अपराधियों ने यात्रियों से लूटपाट की। विरोध करने पर अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग की। दानापुर के सहायक सुरक्षा आयुक्त सैयद नेहाल हसन ने बताया कि एक यात्री घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———बाईट———

——————————————————————

आगामी त्योहार को देखते हुए उत्तरी और पूर्वी राज्यों की यात्रा करने वाले यात्रियों की भारी भीड़ के मद्देनजर मध्य रेलवे ने मुंबई, पुणे और नागपुर सहित महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों से कुल पांच सौ सत्तर विशेष रेलगाडियां चलाने की घोषणा की है। उत्तर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए मध्य रेलवे द्वारा दानापुर, गोरखपुर, छपरा, बनारस, समस्तीपुर, आसनसोल, अगरतला, संतरागाछी और अन्य स्थानों के लिए तीन सौ अठ्हत्तर रेल गाडियां चलाई गई हैं। यात्री इन गाड़ियों की पूरी समय सारणी www.enquiry.Indianrail.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं और NTES एप्प से भी जानकरी प्राप्त कर सकते हैं।

——————————————————————

वन और पर्यावरण मंत्री प्रेम कुमार ने आज कैमूर पहाड़ी के टॉप पर स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस में सोलर हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन तथा चेनारी प्रखंड मे स्थित गुप्ता धाम रास्ता में गाय घाट का शिलान्यास किया। रेहल में आयोजित एक

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि यहां पर्यटन विकास की काफी संभावना है। उन्होंने कहा कि रोहतासगढ, चौरासन मंदिर और गुप्ता धाम का विकास किया जाएगा।

———————————————————

सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा में आज सुबह अज्ञात अपराधियों ने एक गैस एजेंसी के संचालक को गोली मार जख्मी कर दिया। जख्मी गैस एजेंसी संचालक दीपनारायण महतो का सीतामढ़ी के निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। वहीं, रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव में संपत्ति विवाद में कल पूर्व मुखिया की पत्नी को गोली मारने की घटना प्रकाश में आई है। घायल कुंती कुंवर को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद महिला को रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के एक सौ छठवें स्थापना दिवस समारोह का आज शाम समापन हो गया। इस दौरान समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से आए सात सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ ने संस्था के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सी. पी. ठाकुर और पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

———————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि पच्चीस अक्टूबर से राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। वहीं, तेईस और चौबीस अक्टूबर को राज्य के पूर्वी हिस्से के साथ–साथ बक्सर, भोजपुर, रोहतास और कैमूर जिले में हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————

इंडियन इंजिनियर्स फेडरेशन के पूर्वी क्षेत्र का द्विवार्षिक अधिवेशन आज पटना में आयोजित किया गया। इसमें बिहार के अलावा झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान निकोबार के अभियंताओं ने भाग लिया।

———————————————————

रोहतास जिले के डेहरी थाना क्षेत्र के पाली पुल के पास से पुलिस ने बाईस किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

कैमूर जिले के मोहनियां पुलिस ने स्थानीय बाजार से साठ पीस प्रतिबंधित नशीली दवा और भारी संख्या में इंजेक्शन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के वीरचंद पटेल पथ पर एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़े कई लोगों को कुचल दिया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद मौके से कार चालक फरार है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के नीमाचाँदपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथ बहियार गांव से पुलिस ने दो अपराधियों को एक पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस और देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त छापेमारी के दौरान दो लोगो को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के पास सेएक देसी मास्केट, एक देशी पिस्तौल, आठ जिन्दा कारतूस, एक बाइक और दो मोबाईल भी बरामद हुआ।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने पर प्रतिबद्धता व्यक्त की। कहा –बिहार में भी शंकर नेत्रालय का केंद्र खोला जाएगा।

02. प्रधानमंत्री ने नौ सौ बारह करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले दरभंगा एयरपोर्ट के सिविल इन्क्लेव का शिलान्यास किया।

03. महागठबंधन ने विधानसभा उप चुनाव के लिए चारों सीटों पर प्रत्याशी घोषित किये। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र को रामगढ़ से टिकट।

04. और, प्रदेश में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक उच्च्य स्तरीय केंद्रीय दल अब से थोड़ी देर बाद पटना पहुंचेगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।